
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org



जयंती विशेष
22 अगस्त 2026
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
मनुष्य की पहचान उसके विचारों और
कर्मों से होती है, केवल शब्दों से नहीं।
हरिशंकर परसाई
(प्रसिद्ध व्यंग्यकार)
जन्म: 22अगस्त 1924 मृत्यु: 10 अगस्त 1995
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org
/teachersofbihar

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **22.08.2026**

## वर्णनात्मक संकेतक

वर्णनात्मक संकेतक वह स्पष्ट और संक्षिप्त कथन होता है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी के ज्ञान, कौशल, व्यवहार, सहभागिता और प्रगति का वर्णन किया जाता है। इसमें केवल अंक या ग्रेड देने के बजाय विद्यार्थी ने क्या सीखा और उसका प्रदर्शन कैसा रहा, यह बताया जाता है।विद्यार्थी के सीखने और व्यवहार की स्थिति को शब्दों में बताने वाले कथन को वर्णनात्मक संकेतक कहते हैं।
यह सतत एवं व्यापक मूल्यांकन तथा रूब्रिक आधारित मूल्यांकन में बहुत उपयोगी होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



दुबई (Dubai) का ऐशो-आराम छोड़, स्विट्‌जरलैंड की सैंड्रा एक वन-वे टिकट लेकर भारत आ गईं और अपनी जमा-पूंजी से पश्चिम बंगाल के सुदुर गाँव में गरीब बच्चों के लिए मुफ़्त स्कूल खोल दिया।

# Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

22 अगस्त

# राष्ट्रीय देवदूत दिवस



उन सभी देवदूतों को हृदय से धन्यवाद, जो निस्वार्थ सेवा से जीवन में आशा और रोशनी भरते हैं।

**जानकारी**



राष्ट्रीय देवदूत दिवस हर वर्ष 22 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनकी प्रेरणा को सम्मान देने के लिए समर्पित है।

**आइए, हम भी किसी के देवदूत बनें।**

# Teachers of Bihar

The change makers

# 22 अगस्त

मधु प्रिया

22 अगस्त

## आज का दिन इतिहास में


### 22 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1320** नसीरूद्दीन खुसरू को गाजी मलिक ने हराया।
- **1639** ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) की स्थापना की।
- **1848** अमेरिका ने न्यू मैक्सिको पर क़ब्जा किया।
- **1849** इतिहास का पहला हवाई हमला – ऑस्ट्रिया ने इटली के शहर वेनिस में चालक रहित गुब्बारों से हमला किया।
- **1851** ऑस्ट्रेलिया में सोने की खानों के इलाके की खोज हुई।
- **1894** नेटाल भारतीय कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधी द्वारा 22 अगस्त को की गई थी।
- **1910** जापान ने पांच साल तक कोरिया का संरक्षण करने के बाद उस पर क़ब्जा किया।
- **1914** ब्रिटिश और जर्मन सैनिकों के बीच बेल्जियम में पहली मुठभेड़ हुई।
- **1921** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई।
- **1978** केन्या के पहले राष्ट्रपति जोमो केन्याटा का 83 साल की उम्र में निधन हुआ।
- **1979** राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने लोकसभा भंग की।
- **2002** काठमांडू में सार्क विदेश मंत्रियों का सम्मेलन संपन्न, नेपाल में हवाई दुर्घटना में 16 व्यक्ति मारे गये।
- **2007** मिस्र के पुरातत्वविदों ने पश्चिम रेगिस्तान के सिवा क्षेत्र में लगभग 20 लाख साल पुराने मानव के पद-चिह्नों का पता लगाया। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की मरम्मत के लिए दो सप्ताह के मिशन पर गया अंतरिक्ष यान एण्डेवर फ़्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर पर सुरक्षित उतरा।
- **2008** मध्य प्रदेश सरकार ने बनवासियों के लिए साधारण वन अपराध मामले और मुआवजा वसूली खत्म करने का निर्णय लिया।
- **2012** सीरिया के गृहयुद्ध में 47 लोग मारे गए।
  - केन्या में दो जनजातीय समूह के बीच युद्ध में 48 लोग मारे गए।

### 22 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- **1924** **हरिशंकर परसाई** – प्रसिद्ध व्यंग्यकार। 
- **1955** **चिरंजीवी** – प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता और राजनीतिज्ञ। 
- **1935** **रेवा प्रसाद द्विवेदी** – काशी के प्रकांड विद्वान थे। 
- **1877** **आनन्द कुमार स्वामी** – भारत के सुविख्यात कलामर्मज्ञ तथा चिन्तक। 
- **1919** **गिरिजाकुमार माथुर** – प्रसिद्ध कवि एवं नाटककार। 
- **1915** **सोंभू मित्रा** – फ़िल्म और रंगमंच अभिनेता, निर्देशक और नाटककार थे। 
- **1934** **इलियास आज़मी** – ग्यारहवीं लोकसभा के सदस्य। 
- **1934** **अच्युत पोतदार** – एक भारतीय चरित्र अभिनेता थे। 

### 22 अगस्त को हुए निधन

- **–** **सैयद शाहिद हाकिम** – पूर्व भारतीय फुटबॉलर थे। 
- **2018** **गुरुदास कामत** – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता तथा प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ थे। 
- **2017** **ऋषँग कीशिंग** – मणिपुर के भूतपूर्व छठवें मुख्यमंत्री थे। 
- **2014** **यू. आर. अनंतमूर्ति** – 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित कन्नड़ भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार, आलोचक और शिक्षाविद थे। 
- **1993** **आर. गुंडु राव** – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे, जो कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे। 
- **1959** **सैयद फ़ज़ल अली** – भारतीय न्यायाधीश थे जो असम और उड़ीसा के राज्यपाल रहे। 
- **1818** **वॉरेन हेस्टिंग** – भारत के प्रथम गवर्नर जनरल। 

“ इतिहास हमें सिखाता है, भविष्य हमें पुकारता है,
और युवा हमें आगे बढ़ाते हैं। ”

# TOB खेल कॉर्नर

# अर्जुन अवॉर्ड:

## क्या है और किसे मिलता है?

### शुरुआत:

1961

इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष **1961** में हुई।

भारत सरकार की ओर से खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए दिया जाने वाला **राष्ट्रीय खेल पुरस्कार**। यह उन खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिन्होंने पिछले चार साल में **लगातार अच्छा प्रदर्शन** किया हो।

## क्या मिलता है?

- **15 लाख** रुपए की नकद राशि
- अर्जुन की कांस्य प्रतिमा
- प्रशस्ति पत्र
- औपचारिक पोशाक

unicef

बिहार सरकार

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

RAKESH KUMAR

TEACHERS OF BIHAR – THE CHANGE MAKERS

**माह : अगस्त 2026**

CHILD HELPLINE
1098

| शनिवार | कार्यक्रम/गतिविधि/टिप्पणी |
| --- | --- |
| प्रथम शनिवार 01.08.2026 | बाढ़ से खतरे एवं डूबने से बचाव के उपाय, कौशल विकास एवं अभ्यास (मॉकड्रिल) |
| द्वितीय शनिवार 08.08.2026 | पेयजल की अशुद्धता से होने वाले खतरे एवं इसके उपाय के बारे में जानकारी |
| तृतीय शनिवार 15.08.2026 | सांप -बिच्छू दंश एवं अन्य विषैले जीव-जंतुओं के काटने से होने वाली परेशानियां एवं उनके समाधान। कुत्ते एवं बंदर का काटना एवं इससे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी |
| चतुर्थ शनिवार 22.08.2026 | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में जानकारी |
| पाँचवाँ शनिवार यदि माह में पाँचवा शनिवार हो | स्वच्छता संबंधित जानकारी दिया जाए एवं उसका अभ्यास भी करवाया जाए। |

स्वच्छता अपनाएँ, स्वस्थ जीवन पाएं !

उद्देश्य : विद्यार्थियों को आपदाओं, दुर्घटनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी खतरे से बचाव के उपायों की जानकारी देना एवं व्यवहारिक अभ्यास कराना।

सुरक्षित रहें | सतर्क रहें | सजग रहें | स्वस्थ रहें

**सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित भविष्य**

शिक्षा में सुरक्षा, बच्चों का अधिकार

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

**सुरक्षित विद्यालय – सुरक्षित छात्र – सुरक्षित समाज – सुरक्षित बिहार**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## अगस्त माह – चौथा सप्ताह

## सुरक्षित शनिवार

# नाव दुर्घटना एवं डूबने से बचाव के संबंध में जानकारी

## का विद्यालयों में आयोजन करें

### डूबने के मुख्य कारण

- नदी/तालाब में असुरक्षित रूप से नहाना या खेलना।
- अनुभव के बिना नाव/डोंगी में यात्रा।
- नाव पर क्षमता से अधिक लोगों का बैठना।
- बाढ़ के दौरान तेज बहाव में जाना।
- बच्चों का खुले जल स्रोत के पास अकेले खेलना।

### नाव में यात्रा करते समय सावधानियाँ

जीवन रक्षक जैकेट पहनें सुरक्षित रहें !

- ✅ केवल आवश्यकता होने पर ही नाव से यात्रा करें।
- ✅ नाव पर क्षमता से अधिक लोग न बैठें।
- ✅ सब लोग बैठकर शांत रहें, अनावश्यक हिलडुल न करें।
- ✅ छात्र-छात्राएँ, बच्चे एवं बुजुर्ग जीवन-रक्षक जैकेट (Life Jacket) पहनें।
- ✅ रात में या खराब मौसम में नाव से यात्रा न करें।
- ✅ नाव में शरीर का कोई भाग पानी से बाहर न लटकाएँ।
- ✅ नाव चलाने वाले व्यक्ति का अनुभव होना चाहिए।

### डूबने से बचने के उपाय

- नदी, तालाब, नाले, जलभराव वाले स्थानों के पास अकेले न जाएँ।
- गहरे पानी में न उतरें।
- नाव या डोंगी में खड़े होकर यात्रा न करें।
- तैरना जानते होने के बावजूद जोखिम न लें।
- बाढ़ के समय बहते पानी में न जाएँ
- बच्चों को घर और विद्यालय में जागरूक करें।

### यदि कोई व्यक्ति पानी में डूबने लगे तो क्या करें ?

- ✅ घबराएँ नहीं, शांति रखें।
- ✅ खुद पानी में कूदकर बचाने का प्रयास न करें, यह और खतरनाक हो सकता है।
- ✅ तुरंत बांस, लाठी, रस्सी, प्लास्टिक की बोतल या कोई तैरने वाली वस्तु दें।
- ✅ निकटवर्ती लोगों की मदद लें और तुरंत 📞 112 / स्थानीय प्रशासन को सूचना दें
- ✅ व्यक्ति को बाहर निकालने के बाद प्राथमिक उपचार दें और स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाएँ।

### एहतियात जो जीवन बचाएँ



| क्षमता से अधिक लोग न बैठें | खराब मौसम या रात में नाव से यात्रा न करें | असुरक्षित स्थलों पर नहाने/कूदने से बचें | जीवन रक्षक जैकेट पहनें, सुरक्षित यात्रा करें |
|---|---|---|---|

### विद्यालय में आयोजित होने वाली गतिविधियाँ

- पोस्टर निर्माण एवं जागरूकता अभियान
- समूह चर्चा व अनुभव साझा करना
- नाव एवं डूबने से बचाव पर मॉक ड्रिल / अभ्यास
- दीवार लेखन एवं शपथ ग्रहण

### हमारी प्रतिज्ञा

" हम जल स्रोतों के पास सावधानी बरतेंगे, नाव में यात्रा में नियमों का पालन करेंगे और अपने जीवन तथा दूसरों के जीवन को सुरक्षित रखेंगे। "

जल है जीवन
सुरक्षित रहें भविष्य!

**तारीख :** अगस्त माह का चौथा सप्ताह

**समय :** मध्यांतर के बाद

**आयोजन स्थान :** आपका विद्यालय

**सतर्क रहें... सुरक्षित रहें... सुरक्षित बिहार – समृद्ध बिहार**

मास्टर ट्रेनर -

**राकेश**

शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय बड़की बलियारी, बिक्रम, पटना

सुरक्षित विद्यालय – सुरक्षित छात्र – सुरक्षित समाज – सुरक्षित बिहार

# Teachers of Bihar


The change makers

22 अगस्त 1924 – 10 अगस्त 1995

# हरिशंकर परसाई जी

की जयंती पर

## कोटि कोटि नमन !



### संक्षिप्त परिचय


- हरिशंकर परसाई हिंदी के प्रख्यात व्यंग्यकार और हास्यकार थे।
- वे आधुनिक हिंदी साहित्य के महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक थे।
- उनकी लेखनी सरल, सीधी और प्रभावशाली व्यंग्य के लिए जानी जाती है।
- उन्होंने समाज की विसंगतियों और मानवीय मूल्यों पर गहरे व्यंग्य लिखे।

उन्हें 1982 में उनके व्यंग्य **'विकलांग श्रद्धा का दौर'** के लिए **साहित्य अकादमी पुरस्कार** मिला।

Madhu priya

> "परसाई जी का व्यंग्य हमें सोचने की दृष्टि देता है, हँसते-हँसाते हुए समाज की सच्चाई से परिचित कराता है।"

## 22 अगस्त
## जयंती पर
# आनन्द केंटिश कुमारस्वामी जी
## को कोटि-कोटि नमन !



**सुविख्यात कलामर्मज्ञ एवं भारत-चिन्तक**

### संक्षिप्त परिचय

जन्म : 22 अगस्त, 1877
कोलुपित्या, कोलम्बो (श्रीलंका)

प्रसिद्ध कलामर्मज्ञ, दार्शनिक, लेखक एवं भारत-चिन्तक।

भारतीय कला, संस्कृति, धर्म और दर्शन पर गहन अध्ययन किया।

पूर्व और पश्चिम की सभ्यताओं को समझाने में महत्वपूर्ण योगदान।

इनकी कृतियाँ आज भी भारतीय कला और संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं।

### जीवन परिचय

- इनके पिता सर मुतुकुमार स्वामी इंग्लैण्ड जाकर बैरिस्टरी पास करने वाले पहले हिन्दू थे।
- वहाँ उन्होंने ऐलिजाबेथ क्ले नामक अंग्रेज़ महिला से विवाह किया।
- विवाह के चार वर्ष बाद ही जब कुमार स्वामी केवल दो वर्ष के थे, पिता का देहान्त हो गया।
- अंग्रेज़ माता ने उनका पालन-पोषण किया।

Madhu priya

कला और संस्कृति के इस महान साधक की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

**भारत की संस्कृति के सच्चे दार्शनिक और कला के उपासक**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# आज का ToB क्वीज..

सोचिए, समझिए और सही उत्तर चुनिए !

## भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत भाग वन क्षेत्र है ?



**A** 15.76%

**B** 21.76%

**C** 25.17%

**D** 30.76%

### क्या आप जानते हैं ?

- भारत का कुल वन क्षेत्रफल लगभग **7,15,343** वर्ग किलोमीटर है।
- यह देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का **21.76%** भाग है।
- इसके अतिरिक्त वृक्ष आच्छादन (Tree Cover) **3.41%** है।
- वन + वृक्ष आच्छादन मिलाकर भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का **25.17%** भाग हरित आवरण है।

" सीखते रहिए, बढ़ते रहिए,
आपका प्रयास ही आपकी पहचान है ! "

प्रतिदिन एक नया प्रश्न | ज्ञान बढ़ाएँ | आत्मविश्वास बढ़ाएँ | जीत की ओर कदम बढ़ाएँ

www.teachersofbihar.org | संजय कुमार


## 22 अगस्त

हिंदी व्यंग्य साहित्य के शिखर पुरुष

# हरिशंकर परसाई

की जयंती पर

## सादर नमन!



### परिचय

- जन्म : 22 अगस्त 1924, जमनिया, होशंगाबाद (म.प्र.)
- मृत्यु : 10 अगस्त 1995
- वे हिंदी के प्रसिद्ध व्यंग्यकार, लेखक और समाज चिंतक थे।
- उनकी रचनाओं में समाज की विसंगतियों, पाखंड, भ्रष्टाचार और दोंग का तीखा तथा सशक्त व्यंग्य मिलता है।
- उनकी भाषा सरल, प्रभावशाली और जनमानस से सीधी जुड़ी होती थी।
- प्रमुख कृतियों – तिलिस्म का ताड़, रानी नागफनी की कहानी, भोलाराम का जीव, विकलांग श्रद्धा का दौर आदि।




> "व्यंग्य वह दर्पण है जिसमें समाज का चेहरा साफ़ दिखाई देता है,
> और व्यंग्यकार वह व्यक्ति है जो डरकर भी सच कहता है।"
>
> – हरिशंकर परसाई

**आइए, उनके विचारों से प्रेरणा लें और समाज को बेहतर बनाने का संकल्प करें।**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



**+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय कालाबलुआ
रानीगंज, अररिया**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



उत्क्रमित मध्य विद्यालय थतिया
मोतीपुर, मुजफ्फरपुर

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



प्राथमिक विद्यालय गिरजानंद झा टोला नाथपुर
नरपतगंज, अररिया

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



**UHS जागापाकड़, हरसिद्धि**
**पूर्वी चंपारण**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR